पाठ 15. हमारे वीर जवान

पाठ का उद्देश्य

अध्यापक/अध्यापिका इस पाठ को शुद्ध उच्चारणसहित कक्षा में पढ़ें। पाठ को सुनकर बच्चों में देशप्रेम की भावना जागेगी। इस पाठ से उन्हें हमारे देश के शहीदों का परिचय प्राप्त होगा। बच्चे देश के इतिहास से परिचित होंगे। उनके श्रवण-कौशल का विकास होगा और उनमें आत्मविश्वास जागेगा।

- पाठ सुनाने के बाद उनसे पाठ से संबंधित प्रश्न पूछें।
- प्रश्न का उत्तर बताने के लिए बच्चे अपने मित्रों से चर्चा भी कर सकते हैं।
- बच्चों के द्वारा उत्तर देने पर उनका उत्साहवर्धन करें।

इस गतिविधि में पाठ सुनने तथा प्रश्न के उत्तर देने से बच्चों की भाषा संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। अपने मित्रों के साथ चर्चा करने व अपने विचार अभिव्यक्त करने से उनकी सामाजिक कुशलता संबंधी तथा अंतर्मुखी विश्लेषण संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा।